मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रूप से शराब पिलाने में रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। थाना नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में शराब पिलाते हुए रिंगाल हट कैफे रेस्टोरेंट के संचालक को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष नेहरू कॉलोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने होटल ढाबों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान दून यूनिवर्सिटी रोड स्थित रिंगाल हट कैफे के संचालक द्वारा अपने रेस्टोरेंट में शराब परोसी जा रही थी, जिस पर पुलिस टीम द्वारा रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार कर धारा 60/68 आबकारी अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### एनसीपी युवा ने शहरी विकास मंत्री को भेजा ज्ञापन

देहरादून। गति अवरोधक निर्माण को लेकर एनसीपी युवा ने एक ज्ञापन शहरी विकास मंत्री को प्रेषित किया। राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ आहूजा ने शहरी विकास मंत्री व जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर कहा कि मोकम्पुर फ्लाईओवर के दोनों तरफ गति अवरोधक न होने की कारण नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी

**(संवाददाता)** देहरादून। भारतीय संविधान की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मौलिक कर्तव्यों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए राज्यभर में राष्ट्रीय अभियान चलाया जायेगा। अभियान 26 से प्रारम्भ होकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल 2020 'समरसता दिवस' तक चलेगा। अभियान के अन्तर्गत तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, ग्राम्य शिक्षा, पंचायतीराज, खेल एवं युवा कल्याण, समाज कल्याण, शहरी विकास तथा सचिव विस द्वारा विभिन्न गतिविधियां, संचालित की जायेगी।

# नारा न शोरगुल, हाथों में झंडा लेकर पहुंची जनता

**उपचुनाव**

पिथौरागढ़ उपचुनाव की रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री

उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन भाजपा का शक्ति प्रदर्शन हुआ

**संवाददाता**

देहरादून। उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन भाजपा का शक्ति प्रदर्शन हुआ। शांति के साथ हुए इस शक्ति प्रदर्शन में नारे गूंज रहे थे न कोई शोरगुल ही था। हाथों पर भाजपा के झंडे थे गले में भगवा पट्टा था। मुख्य वक्ता मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत और प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने स्व. प्रकाश पंत के बारे में संस्मरण सुनाया। शनिवार को रामलीला मैदान में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि यह चुनाव हमारे लिए जश्न नहीं बल्कि दुख का चुनाव है। हमारे बीच सबसे जनप्रिय नेता के नहीं रहने पर हो रहा चुनाव उनको श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। आज भले ही प्रकाश पंत हमारे बीच नहीं रहे हों परंतु आज भी चुनाव वही लड़ रहे हैं। उनके प्रतिनिधि के तौर पर उनकी धर्मपत्नी चुनाव लड़ रही हैं। कहा कि चंद्रा पंत चुनाव लडना ही नहीं चाहती थीं परंतु पिथौरागढ़ की जनता और कार्यकर्ता उन्हें चुनाव लड़ाना चाहती थीं, जिसे देखते हुए उन्हें चुनाव लडने के लिए राजी किया गया।




रावत ने प्रकाश पंत के साथ अपने संस्मरण सुनाते हुए जनता को भावनात्मक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकाश पंत भाजपा के वह नेता थे जिनके निर्णय पूरी प्रदेश सरकार के निर्णय बन जाते थे। इस अवसर उन्होंने प्रकाश पंत द्वारा पिथौरागढ़ के लिए किए कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि उनके चलाए गए कार्य चीड़ के पिरूल से पैदा होने वाली बिजली के कार्य भी शुरू हो चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट ने कभी हिंदी में तो कभी कुमाऊंनी बोली में भाषण देते हुए भीड़ की सहानुभूति चंद्रा पंत के पक्ष में करने का भरसक प्रयास किया। उन्होंने कांग्रेसी नेता मयूख महर की मंच से तारीफ की। उन्होंने कहा कि पंत परिवार के सदस्यों से मैदान में उतरने पर चुनाव नहीं लडने की बातों पर कायम रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक परिवार है। चंद्रा पंत प्रत्याशी हैं पूरा परिवार जुटा है। पिथौरागढ़ के अलावा अन्य जनपदों के विधायक, सांसद, नेता जुटे हैं। सभी चंद्रा पंत को अधिक से अधिक मत दिला कर स्व. प्रकाश पंत को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं।

इससे पूर्व सभा को विधायक विशन सिंह चुफाल , सांसद अजय टम्टा, राज्यमंत्री रेखा आर्या , प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जोशी, विधायक चंदन राम दास, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, जिलाध्यक्ष विरेंद्र वल्दिया आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने किया।

### सीएम ने वीसी दरवान सिंह नेगी शौर्य महोत्सव में किया प्रतिभाग

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को जनपद चमोली में वार मैमोरियल फाउंडेशन द्वारा सैंज खैतोलीखाल में आयोजित वीसी दरवान सिंह नेगी शौर्य महोत्सव में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में शिरकत करने से पहले वीसी दरवान सिंह नेगी के चित्र पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें सलामी दी। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हमें वीसी दरवान सिंह नेगी की शौर्य गाथा पर गर्व है। उन्होंने कहा कि जिस देश मे वीरों का सम्मान नही होता वह देश अधिक समय तक आजाद नही रह सकता। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीसी दरवानसिंह नेगी की स्मृति को चिरस्थाई बनाये रखने के लिए शौर्य महोत्सव को राजकीय मेला घोषित करते हुए प्रति वर्ष इसके आयोजन हेतु 5 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने वीसी दरवान सिंह नेगी के पैतृक आवास का जीर्णोद्धार कर उसे संग्रहालय के रूप में विकसित किए जाने के निर्देश डीएम को दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के शहीदों की स्मृति में शहीद म्यूजियम बनाने की भी घोषणा की, जिसमें शहीदों के मेडल्स, कपडे, बाक्स आदि यादगार चीजों को लोगों के दर्शन के लिए रखे जायेंगे।

### नियम विरूद्ध संचालित हो रहे विद्यालय की मनमानी को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**(संवाददाता)** देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स ने एक ज्ञापन सीईओ आशा पैन्यूली को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सोमनाथ नगर डण्डा लखोण्ड स्थिति सोमनाथ सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल पब्लिक स्कूल में लगभग 150 बच्चे पढ़ते है इस प्रकार की शिकायत एनएपीएसआर को प्राप्त हुई है और शिकायतकर्ता अभिभावकों ने बताया है कि इस सम्बंध मे वो पूर्व मे भी शिक्षा विभाग को लिखत शिकायत दर्ज करवा चुके हैं किंतु आज तक उनके शिकायती पत्र का संज्ञान लेकर शिक्षा विभाग ने नियम विरुद्ध चल रहे स्कूल के खिलाफ कोई उचित कार्यवाही नही करी है इसलिए कारण सभी अभिभावकों को शिकायत लेकर संस्था के पास आना पड़ा है।

# उच्च हिमालयी क्षेत्र में भारी हिमपात

**मौसम**

■ पूरे कुमाऊं में बदला मौसम का मिजाज

देहरादून। **सवांददाता**

शनिवार को कुमाऊं में मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह से ही धूप के दर्शन किसी भी जिले में नहीं हुए। पर्वतीय जिले नैनीताल, अल्मोड़ा, चम्पावत और बागेश्वर में बादल व कोहरा छाया रहा। पिथौरागढ़ जिले में उच्च हिमालयी क्षेत्र धारचूला–मुनस्यारी में भारी हिमपात से जिले में ठंड बढ़ गई है। हिमनगरी मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान तीन व अधिकतम 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने से पानी जमने लगा है। जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आने लगी है। नैनीताल में कोहरा छाया रहा तो बादलों का बसेरा तड़के से रहा। वहीं जिले के भावर क्षेत्र हल्द्वानी, रामनगर, लालकुआं आदि क्षेत्र में बादल छाए रहे, इस मौसम में पहली बार दिन में ठंड का एहसास हुआ। यही स्थिति ऊधमसिंह नगर जिले में भी रही। सुबह करीब 11 बजे के आसपास लगा कि धूप निकलेगी, मगर कुछ देर बाद कोहरा छाने लगा। पिथौरागढ़ में अधिकतम तापमान बीस डिग्री के आसपास पहुंचा परंतु न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री रहा। जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान में तेजी के साथ गिरावट आई।

शनिवार को मुनस्यारी के जोहार क्षेत्र में हंसलिंग, राजरंभा, पंचाचूली, बृजगंग, नंदा कोट, नंदा देवी सहित अन्य चोटियों पर भारी हिमपात हो रहा है। सुबह से प्रारंभ हिमपात सायं तक जारी है। यहां पानी अभी से जमने लगा है।

### दून में भी छाए रहे बादल

हिमपात के चलते लोग अलाव सेंकने लगे हैं। जबकि बीते वर्षो तक मध्य दिसंबर के आसपास अलाव जलाने की नौबत आती थी। देहरादून में भी शनिवार की सुबह से बादल छाए रहे। हालाकि दोहपर बाद हल्की धूप निकली। कैलास मानसरोवर यात्रा मार्ग पर चीन सीमा लिपूलेख तक जबरदस्त हिमपात हो रहा है। चौदास घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड है। नारायण आश्रम में भी तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।






### आबकारी का राजस्व आखिर खपाया कहां जा रहाः मोर्चा

**(संवाददाता)** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा प्रदेश का विकास कार्य धनाभाव के कारण बिल्कुल ठप्प पड़ा है, जबकि आबकारी (शराब )से मिलने वाला राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष लगभग बराबर तथा अधिक प्राप्त हो रहा है। मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2017–18 में 2310 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया था तथा उसके सापेक्ष 2262 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार वर्ष 2018–19 में 2650 करोड़ के सापेक्ष 2871.75 करोड प्राप्त हुआ यानी लक्ष्य के सापेक्ष 221.75 करोड़ ज्यादा प्राप्त हुआ। नेगी ने कहा कि बड़ी हैरानी की बात है कि लक्ष्य के बराबर व अधिक राजस्व प्राप्त होने के बावजूद सरकार प्रतिवर्ष 6000–7000 करोड़ बाजारू कर्ज ले रही है, जोकि धरातल पर कहीं दिखाई नहीं दे रहा।

### राइट टू वॉक कैंपेन का शुभारंभ

**(संवाददाता)** देहरादून। पीआरसीआई दून चौप्टर ने ग्लोबल पब्लिक रिलेशन के तत्वावधान में शनिवार को रिंग रोड स्थित होटल में "राईट टू वाक" कैंपेन का शुभारंभ किया।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।